प्रादेशिक समाचार

18.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

रांची के नामकुम स्थित आर्मी ग्राउंड में झारखंड में पहली बार कल से दो दिवसीय  एयर शो होने जा रहा है। भारतीय वायु सेना की ओर से सूर्य किरण एरोबैटिक शो का आयोजन किया जाएगा। शो के पहले स्कूली बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि एयर शो सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं के बीच भारतीय सेना की जानकारी और प्रेरणा साझा करना है।

मौके पर सूर्य किरण एरोबैटिक टीम की सदस्य कवल संधू ने बताया कि सूर्य किरण टीम एशिया में सिर्फ भारत और दुनिया में तीन देशों के पास है।

********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन अधिकारियों के दल के साथ आज देर शाम नई दिल्ली से स्पेन और स्वीडेन के लिए रवाना होंगे। उद्योग निदेशक सुशांत गौरव ने बताया कि झारखंड में विदेशी पूंजी निवेश को बढ़ावा देने को लेकर स्पेन के बार्सिलोना और मैड्रिड में इक्कीस औऱ बाइस अप्रैल को निवेशकों के साथ मुख्यमंत्री संवाद करेंगे। वहीं, 25 अप्रैल को स्वीडन के गोथलबर्ग में क्लीन एनर्जी  के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों के साथ बैठक करेंगे।

उधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विदेश दौरे पर सवाल खडे किये हैं। गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि ये दौरा भविष्य में जांच का विषय होगा।

********************

सरायकेला स्थित मंडल कारा में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर छापेमारी की गई। एसपी के निर्देश पर गठित छापामारी दल ने औचक जांच किया। छापेमारी के दौरान कोई भी संदिग्ध सामग्री बरामद नहीं की गई।  जांच टीम में सरायकेला एसडीपीओ समीर कुमार सेवइयां, चांडिल एसडीपीओ अरविंद कुमार बिन्हा, मुख्यालय डीएसपी प्रदीप उरांव समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

********************

सरायकेला जिले के चांडिल थाना अंतर्गत कपाली ओपी क्षेत्र में बीते 15 अप्रैल को हुए युवक की हत्या के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

********************

गिरिडीह जिले के नक्सल प्रभावित पीरटांड प्रखंड के लिए सरकार ने पीरटांड़ मेगा सिंचाई योजना की उच्चस्तरीय समीक्षा की है।

********************

राजधानी रांची में आज दोपहर झमाझम बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। बता दें कि काल बैसाखी के कारण इस माह राजधानी रांची सहित राज्य के सभी जिलों में कमोबेश हल्की बारिश, गर्जन, वज्रपात और 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चली। मौसम

विभाग विभाग के अनुसार 21 अप्रैल तक राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन और वज्रपात तथा 30 से 40 किलोमीटर की गति से तेज हवा चलने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है।

********************

रांची में अंडर 15 बालिका फुटबॉल टीम का चयन 26 और 27 अप्रैल को होगा। इसमें भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा नामित चयनकर्ताओं की टीम ट्रायल लेंगी। पहली जनवरी दोहजार दस इसवी से 31 दिसंबर दोहजार ग्यारह के बीचव जन्मी झारखंड की खिलाड़ी इसमें हिस्सा ले सकेंगी।

*******समाप्त*************